गाजरघास जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

अजमेर,(नसं.-सरेराह)। राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी, अजमेर में 16वें गाजरघास जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी जीके त्रिपाठी ने बताया कि

यह सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में राबीमअनुके अजमेर के निदेशक डॉ. एसएन सक्सेना ने किसानों को गाजरघास को पहचानने एंव इसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने उपस्थित कृषक समुदाय से आग्रह किया कि इस खरपतवार को इसकी आरंभिक अवस्था में ही नष्ट कर दिया जाना चाहिए। इसके पश्चात आसपास के क्षेत्रों से गाजरघास को उखाड़ने का अभियान चलाया गया। जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

दैनिक भास्कर
अजमेर 17-08-2021

गाजर घास जागरुकता सप्ताह शुरू

सिटी रिपोर्टर| अजमेर

राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, तबीजी में सोमवार से 16वें गाजर घास जागरुकता सप्ताह शुरू हुआ। इस अवसर पर गाजर घास के दुष्प्रभावों को लेकर जानकारी दी गई। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी जीके त्रिपाठी ने बताया कि यह सप्ताह 22 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर केंद्र के निदेशक डॉ एस.एन. सक्सेना ने किसानों को गाजर घास को पहचानने एवं इसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने उपस्थित कृषक समुदाय व कृषि श्रमिकों से आग्रह किया कि इस खरपतवार को इसकी आरंभिक अवस्था में ही नष्ट कर दिया जाना चाहिए। इसके पश्चात आसपास के क्षेत्रों से गाजर घास को उखाड़ने का अभियान चलाया गया, जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया ।